राष्ट्रीय हिंदी समाचार पत्र पंजाब,हरियाण, हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश व चंडीगढ से प्रसारित

हैल्थ उजाला

E-mail. healthujala@gmail.com Mob. 980702800 RNI:PUNHIN/2017/73882 Postal Regd. No, Ldc/0773/2019-21

वर्ष ,2 पेज. 12 लुधियाना, 15 जुलाई, 2019 संपादक जसबीर सिंह, उप–संपदक प्रिंस मिश्रा

हैल्थ उजाला
पत्रकार बनने का
सुनहरा मौका
हर मंडल, तहसील, ब्लॉक, वार्ड संवाददाता, कैमरामैन की आवश्यकता सम्पर्क करें। 9779521366

सीएसआईआर और सीएमईआरआई समारोह का आयोजन किया गया

लुधियाना के वैज्ञानिकों ने सेमी–अविरल बॉयो डीजल प्लांट किया विकसित

लुधियानाः प्रिंस मिश्रा, पवन कुमार 15 जुलाईः गिल रोड स्थित सीएसआईआर और सीएमईआरआई के ऑफिस में समारोह का आयोजन किया गया। सीओईएफएम लुधियाना के वैज्ञानिकों ने सेमी–अविरल बॉयो डीजल प्लांट की तकनीक विकसित की है। इस तकनीक से दस प्रतिशत तक मुक्त फेटी एसिड सामग्री वाले किसी भी फीड–स्टाक से बॉयो डीजल के उत्पादन की प्रक्रिया को सरल बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह एक कम रखरखाव वाली उत्पादन तकनीक है। जिसे कम पूंजी लागत से कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। इससे पहले, एक 35 एचपीट्रैक्टर 1000 से अधिक घंटे के लिए सफलता पूर्वक बी 100 (100 प्रतिशत बायोडीजल)पर चलाया गया था। यह आश्वासन दियागया कि इस तकनीक से उत्पादित बायो डीजल सामान्य डीजल की तुलना में भारतीय मानक ब्युरो और एएसटीएम के गुणवत्ता मानक से मेल खाता है। बॉयो–डीजल के प्लांट को लगाकर इंडस्ट्रियलिस्ट अच्छा खासा मुनाफा कमा सकते हैं। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. हरीश हिरानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। समारोह में संस्थान के पीआरओ पीएन पाठक ने बताया कि साथ ही सरकार द्वारा इस प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के लिए बड़ी कम ब्याज दर पर कर्ज भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

हैल्थ उजाला

पवन कुमार
विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करें।
9988444988